CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 209 □ रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योगपतियों के साथ की बैठक, छत्तीसगढ़ में आईटी, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स में निवेश के लिए किया आमंत्रित



**रायपुर,** 23 अगस्त (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपनी पहली विदेश यात्रा के दौरान जापान पहुंचे हैं. अपने दौरे के दौरान उन्होंने जापानी उद्योगपतियों के संगठन जेट्रो के पदाधिकारियों से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में निवेश पर चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जापानी उद्योगपतियों से हुई अपनी मुलाकात को सोशल मीडिया एक्स पर शेयर करते हुए लिखा है कि टोक्यो में जेट्रो इंवेस्ट जेपी के नाकाजो काजुया, एंडो युजी और हारा हारुनोबू के साथ बैठक हुई। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि हमने आईटी, टेक्सटाइल्स, एयरोस्पेस, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की अपार संभावनाओं पर चर्चा की. इस अवसर पर जेट्रो को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

इसके पहले जापान के टोक्यो पहुंचते ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ऐतिहासिक असाकुसा मंदिर के दर्शन किए. यह टोक्यो का सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित मंदिर है, जो शांति और सामर्थ्य का प्रतीक माना जाता है. सीएम साय ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की खुशहाली, समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की। इसके अलावा एनटीटी लिमिटेड की सीईओ कायो इतो से मुलाकात कर तकनीकी और इंडस्ट्री सहयोग और निवेश पर चर्चा की. रात में सीएम साय भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज द्वारा आयोजित भोज में भी शामिल हुए. इस बैठक में छत्तीसगढ़ में तकनीक आधारित निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई.

## सीबीआई ने अनिल अंबानी की आरकॉम पर 2000 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी का केस दर्ज किया



**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (न्यूज चैनल)। बैंक धोखाधड़ी मामले में आरकॉम और अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की सीबीआई तलाशी ले रही है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने कथित बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके परिसरों की तलाशी ली। इस धोखाधड़ी से भारतीय स्टेट बैंक को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि एजेंसी आरकॉम और उसके प्रमोटर निदेशक अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रही है।

### परिसरों पर छापे मारे

सीबीआई ने यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत के आधार पर की है, जिसने 13 जून को इन संस्थाओं को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद एजेंसी से संपर्क किया था। यह कार्रवाई आरबीआई के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर मास्टर निर्देशों और बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित धोखाधड़ी के वर्गीकरण, रिपोर्टिंग और प्रबंधन नीति के अनुसार की गई थी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा : मोदी



**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत मंडपम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ गगनयान मिशन पर जाने वाले अन्य अंतरिक्षयात्री भी मौजूद रहे। साथ ही केंद्रीय विज्ञान और तकनीक मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो के चेयरमैन वी नारायणन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देशवासियों को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के अंतरिक्ष दिवस की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी। आज हम देख रहे हैं कि इतने कम समय में ही राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है।

## 20 साल पुराने वाहनों की जेब पर पड़ेगा बोझ!

### सरकार ने रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल फीस की दरें की दोगुनी

**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (न्यूज चैनल)। अगर आपके पास 20 साल से ज्यादा पुराना वाहन है, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। केंद्र सरकार ने अब ऐसे पुराने मोटर व्हीकल्स के रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण (रिन्यूअल) के नियमों में बड़ा बदलाव कर दिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इसके लिए नई अधिसूचना जारी की है, जिसमें फीस को लगभग दोगुना कर दिया गया है।

पहले 15 साल पुराने वाहनों का ही रजिस्ट्रेशन रिन्यू कराना संभव था, लेकिन अब सरकार ने इसे 20 साल तक बढ़ा दिया है। हालांकि, यह राहत मुफ्त में नहीं मिलेगी — रिन्यूअल फीस में भारी बढ़ोतरी की गई है। सरकार का कहना है कि यह कदम वाहन मालिकों को कानूनी रूप से अपने पुराने वाहनों के उपयोग की सुविधा देगा, लेकिन इसके साथ ही पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को धीरे-धीरे सड़कों से हटाने की योजना को भी बढ़ावा देगा।

### नई रिन्यूअल फीस क्या होगी?

| वाहन का प्रकार | नई रिन्यूअल फीस | पहले की फीस |
|---|---|---|
| मोटरसाइकिल | 2,000 | 1,000 |
| थ्री-व्हीलर/क्वाड्रिसाइकिल | 5,000 | 3,500 |
| लाइट मोटर व्हीकल (LMV) | 10,000 | 5,000 |
| इम्पोर्टेड टू/थ्री व्हीलर | 20,000 | 10,000 |
| इम्पोर्टेड फोर व्हीलर | 80,000 | 40,000 |
| अन्य भारी वाहन | 12,000 | — |

इन दरों में जीएसटी शामिल नहीं है, यानी अंतिम भुगतान और अधिक हो सकता है।

## 9एम इंडिया लिमिटेड सरकारी अस्पतालों में भेज रहा गुणवत्ता विहीन जानलेवा दवा




**रायपुर,** 23 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससीएल) ने महासमुंद स्थित 9रू इंडिया लिमिटेड द्वारा 2024 में सप्लाई की गई पैरासिटामोल 500एमजी और 650एमजी टैबलेट की खेप में गुणवत्ता संबंधी गंभीर कमी पाई है। यह जानकारी सीजीएमएससीएल को दवा गोदामों और स्वास्थ्य केंद्रों से मिली शिकायतों के बाद हुई जांच में सामने आई। सीजीएमएससीएल की रिपोर्ट में पाया गया कि कुछ बैचों में दवाओं पर काले धब्बे थे और ये सामान्य उपयोग के लिए सुरक्षित नहीं हैं। इसके बाद निगम ने 9एम इंडिया लिमिटेड को निर्देश दिया है कि सभी संदिग्ध बैच तुरंत स्वास्थ्य केंद्रों और दवा गोदामों से वापस लिए जाएँ और उनकी जगह उच्च गुणवत्ता वाली नई खेप उपलब्ध कराई जाए। निगम ने चेतावनी भी दी है कि यदि कंपनी ने यह निर्देश नहीं माने, तो निविदा नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह कंपनी की होगी। गौरतलब है कि इस कार्रवाई से पहले भी सीजीएमएससीएल ने सरकारी अस्पतालों में संदिग्ध दवा बैचों पर रोक लगाई थी, ताकि मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### जांच में हुई पुष्टि, सीजीएमएससी ने दिया कंपनी को नोटिस

## प्रदेश भर में आज मनाया जा रहा पोला तिहार, बच्चों ने दौड़ाए नादिया बैल



- गांव से लेकर शहर तक नजर आ रहा उत्साह
- बैलों की पूजा कर हर्षोल्लास से मनाया जा रहा पोला पर्व

**रायपुर/धमतरी,** 23 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में आज पोला त्योहार का उत्साह गांव से लेकर शहर तक नजर आ रहा है. छत्तीसगढ़ के इस पारंपरिक त्योहार में कृषि कार्यों में लगे बैलों की पूजा का विधान है. इस दिन किसान कृषि कार्यों से विरत रहते हैं, और बैलों को नहलाकर उसे सजाकर पूजा करते हैं. घरों में मिट्टी, लकड़ी या पीतल के बने बैलों की पूजा करते हैं, जिन्हें बच्चे खेलते हैं. इस अवसर पर ठेठरी-खुरमी और अईरसा जैसे पारंपरिक व्यंजन भी बनाए जाते हैं। साथ ही घरों में पारम्परिक पकवान बनाया गया। मोक्ष साहू, साक्षी, निधि, नीलकंठ, समद्धि सहित अनेक बच्चों ने पर्व का लुत्फ उठाते हुए नांदिया बैल दौड़ाया।

वृषभ पूजन दिवस भाद्र पद मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या को होता है, जिसे छत्तीसगढ़ में पोला-पोरा तिहार कहा जाता है. पंडितों के अनुसार अमावस्या तिथि 22 अगस्त को दोपहर 11.37 से प्रारंभ होकर दूसरे दिन 11.02 मिनट तक रहेगा. श्राद्ध कर्म पूर्व दिन होगा, जबकि वृषभ पूजन उदय तिथि अनुसार 23 अगस्त को मनाया जाएगा. इसे ही कुशोत्पाटिनी अमावस्या भी कहा जाता है शास्त्रों में इस अमावस्या को कुशोत्पाटनी अमावस्या भी कहा जाता है. इस दिन पुरोहित कर्म में लगे हुए ब्राह्मण कुश उखाड़ने का कार्य करते हैं, जो देव एवं पितृ कार्यों में काम आता है। यह अमावस्या शनिवार को पड़ने के कारण शनि देव की भिनपूजा की जाती है, साथ ही अमावस्या तिथि पितरों की भी तिथि मानी जाती है. जिन्हें शनि दोष हो वे शनि देव को सरसों तेल, काला तिल, आदि अर्पण करे पितृ दोष वाले काले तिल दूध में मिलकर पीपल वृक्ष में पितरों के निमित्त चढ़ाएं।

उल्लेखनीय है कि छग प्रदेश में पोला पर्व का बड़ा महत्व है। यह हमारी संस्कृति की पहचान है। यह पर्व भादो माह अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। पोला पर्व पर बैलों को नहलाकर उनके सिंग व खुर को सजाया जाता है। गले में घुंघरु, घंटी व कौड़ी से बने आभूषण पहनाया जाता है। बैलों कृषि उपकरणो की पूजा की जाती है। किसानों द्वारा खेती के लिए बैलों के योगदान के लिए उनका पूजा कर कृतज्ञता दर्शाई जाती है। पोला पर्व की पूर्व रात्रि को गर्भ पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन अन्न माता गर्भ धारण करती है। अर्थात धान के पौधो में दूध भरता है। इसी कारण पोला पर्व के दिन कृषि कार्य नहीं किया जाता है। पोला पर्व पर कई पारम्परिक आयोजन किया जाता है।

### आधुकिता के दौर में फीकी पड़ रही परम्पराएं

बुजुर्गो ने बताया कि एक जमाना था जब पोला पर्व में गांवों में बैल दौड़ स्पर्धा का आयोजन होता था। इसका उत्साह किसानों में देखते ही बनता था। इस प्रकार वे अपने बैलों को आकर्षक ढंग से सजाकर स्पर्धा में भाग लेते थे। इसे देखने पूरे गांव का हुजुम उमड़ पड़ता था। स्पर्धा में विजेता एवं उपविजेता बैल के पालकों को पुरूष्कृत किया जाता था लेकिन आधुनिकता के चकाचौंध में बैल दौड़ स्पर्धा की परंपरा लुप्त हो रही है। पोला पर्व पर बैल दौड़ स्पर्धा की परंपरा लंबे समय से चली आ रही थी। पोला पर पहले बच्चे नादिया बैला लेकर गलियों में खूब धमा चौकड़ी करते थे। यह भी अब काफी कम नजर आता है।




CMYK